LATEST

NEWS

# Election

## Date : 06th Dec. 2025

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक नवज्योति Jaipur City - 06 Dec 2025 - Page 8

**दिल्ली में कांग्रेस की रैली को लेकर पीसीसी में बैठक**

# डोटासरा और जूली का आरोप: राजस्थान में एसआईआर प्रक्रिया में काटे 29 लाख वोट



**ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर।** कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत 14 दिसम्बर को दिल्ली में कांग्रेस महारैली में राजस्थान से 50 हजार कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए पीसीसी मुख्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा स्पीकर डॉ.सीपी जोशी, वरिष्ठ विधायक हरेन्द्र मिर्धा सहित कांग्रेस के विधायक, जिला प्रभारी, विभाग और प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्ष शामिल हुए। अगले दिन शनिवार को शेष विधायकों और जिला प्रभारियों की पीसीसी में बैठक होगी।

बैठक में डोटासरा ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों से रैली में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का दिल्ली पहुंचना जरूरी है। उन्होंने सभी को निर्देशित किया है कि आगामी तीन दिन में अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों से महारैली में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं की सूची मय फोन नम्बर तथा आवागमन के लिए वाहनों के रजिस्ट्रेशन नम्बर पीसीसी वॉर रूम को भेजें।

**डोटासरा और जूली ने भाजपा पर बोला हमला:** बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में एसआईआर अभियान में 28-29 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। आरोप लगाया गया कि भाजपा सरकार वोट चोरी कर सत्ता में बने रहना चाहती है। किसानों के मुद्दे पर कहा कि खाद मांगने पर किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। सरकार ने आधार कार्ड के लिए लाईनें लगवा दीं। इंडिगो फ्लाइटें बंद होने पर कहा कि यह भाजपा सरकार ने देश के संसाधनों को कुछ चहेते लोगों को सौंपकर जनता के लिए संकट खड़ा कर दिया है। यह प्रकरण भी उसी का परिणाम है। जूली ने कहा कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना के वादे पर राज्यसभा में पूछे एक सवाल में सरकार ने इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने से इंकार कर दिया। यमुना जल लाने के लिए भी केवल घड़े इधर से उधर किए। ऐसे में ये दो साल के कार्यकाल का जश्न किसलिए मना रहे हैं। एसआईआर में ये लोग गरीबों, दलितों के वोट काटना चाहते हैं, इनके मंसूबों को कांग्रेस कामयाब नहीं होने देगी।

दैनिक भास्कर

जयपुर 06-12-2025

राजस्थान • कितने नाम कटेंगे... यह 16 दिसंबर तक तय होगा

# SIR; 20 लाख मतदाताओं को पेश करने होंगे माता-पिता के दस्तावेज

## 24 से अधिक जिलों में 100 फीसदी मैपिंग पूरी

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

प्रदेश के करीब 20 लाख मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। दरअसल, प्रदेश में कुल वोटर 5.46 करोड़ से अधिक हैं। इनमें से अब तक 96 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। ऐसे में माना जा रहा है कि 3 से 4 प्रतिशत मतदाताओं को माता-पिता से जुड़े दस्तावेज पेश करने पड़ सकते हैं। ये काम बीएलओ के समक्ष ही होगा। प्रदेश में डिजिटलाइजेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है और ये आंकड़ा 99.9 प्रतिशत है। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार डिजिटलाइजेशन के तहत प्रपत्रों की डिटेल ऑनलाइन सबमिट की जा चुकी है।



बीकानेर में फॉर्म भरवाता बीएलओ।

### सभी को दस्तावेज प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि दस्तावेज प्रस्तुत करने का सभी को मौका मिलेगा। ईआरओ की मॉनिटरिंग में ये केस देखे जाएंगे। 16 दिसंबर तक स्थिति स्पष्ट होगी कि कितने नाम कटेंगे या नहीं कटेंगे। अभी ये बात कहना जल्दबाजी होगी।

### एसआईआर के सभी फॉर्मेट में राजस्थान देश में अव्वल

बड़े राज्यों की तुलना में एसआईआर की वर्किंग में राजस्थान देश में नंबर वन है। शुरुआत में प्रपत्र वितरण में राजस्थान आगे रहा। इसके बाद फार्म भरकर लाने में यानी डिजिटलाइजेशन में राजस्थान टॉप पर रहा और अब मैपिंग में भी अव्वल है। पड़ोसी सहित कई राज्यों को शुरुआत से पछाड़ रखा है।

## मतदाता मैपिग में जिला राज्य के शीर्ष पांच जिलों में सम्मिलित

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम : चित्तौड़ में शत-प्रतिशत सफलता

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में गुरूवार को एसआईआर डिजिटलाईजेशन का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। जिले ने कुल मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक की मैपिंग पूरी कर राजस्थान के श्रेष्ठ जिलों में स्थान बनाया। इन मतदाताओं का अब काई दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं पडेगी।

कपासन विधानसभा ने सबसे पहले 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया, जबकि चित्तौड़गढ़ राज्य का एकमात्र जिला है जिसकी दो विधानसभाओं में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओ की मैपिग हुई है। भौगोलिक चुनौतियों के बीच प्रशासन की सतत निगरानी, फील्ड विजिट और टीमवर्क ने बड़ी भूमिका निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन के दिशा निर्देश में 5 ईआरओ, 24 एईआरओ, 152 सुपरवाईजर, 1501 बीएलओ के साथ ही कई स्वयंसेवक और संगठन इस कार्य में लगातार सक्रिय रहे। बीएलओ,सुपरवाइजरों के उत्कृष्ट कार्य को राज्यस्तर पर सम्मान मिला, वहीं राजनीतिक दलों और बीएलए की सक्रिय भागीदारी से पूरी प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी व भरोसेमंद बनी।






### 1. जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने व्यक्त किया आभार

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने इस उपलब्धि पर कहा कि - यह उपलब्धि चित्तौड़ जिले के जागरूक मतदाताओं,बीएलओ टीम, सुपरवाइजर, ईआरओ-एईआरओ और पूरे प्रशासन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। चित्तौड़गढ़ ने एक बार फिर साबित किया है कि जब नागरिक और प्रशासन साथ हों तो कोई लक्ष्य कठिन नहीं। सबने मिलकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था और प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

### 2. समर्पित प्रयास और बेहतर प्रशिक्षण से मजबूत नींव

उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग और स्पष्ट कार्ययोजना से शुरुआत से ही कार्य में गति बनी रही। फील्ड टीम तक दिशा-निर्देश सीधे पहुँचने से समन्वय मजबूत हुआ। लक्ष्य केंद्रित टीम भावना ने कार्य को सहज कर दिया। घर-घर सत्यापन, निरंतर डाटा अपडेट और समयबद्ध एंट्री को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरो की प्रतिबद्धता ही सफलता की मुख्य रीढ़ बनी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के सम्मान करने की परम्परा से कार्मिकों में उत्साह का वातावरण बना।

### 3. तकनीकी साधनों का प्रभावी उपयोग, मतदाताओं को त्वरित सुविधा

मोबाइल एप्स, ऑनलाइन सत्यापन और डिजिटल सुविधाओं के चलते प्रक्रिया तेज व पारदर्शी बनी। आयोग द्वारा सुझाए गए सभी नवाचारों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। ईआरओ-एईआरओ की फील्ड पर निरंतर उपस्थिति, मौके पर मार्गदर्शन और समस्याओं के तत्काल निवारण ने काम को गति दी और त्रुटियाँ न्यूनतम रहीं। नागरिकों ने मतदाता सूची अद्यतन में भरपूर सहयोग दिया। जागरूकता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक भावना की यह मिसाल ही चित्तौड़गढ़ की सफलता की सबसे बड़ी ताकत रही।

### 4. शहरी क्षेत्र की विशेष रणनीति हेल्प डेस्क और युवा शक्ति

कॉलेज-कैंपस हेल्प डेस्क, शहरी वार्ड और पंचायत स्तर पर शिविर और युवाओं की भागीदारी ने शहरी क्षेत्रों की चुनौतियां को भी अवसर मे बदल दिया। जिले में औद्योगिक ईकाईओं की अधिकता से श्रमिकों और कार्मिकां के पलायन की समस्या को देखते हुए प्रबंधन और श्रमिकों से सीधा संवाद और ऑनलाइन सर्च सुविधा का उपयोग बढ़ाया गया। इससे हजारों श्रमिक पहली बार व्यवस्थित तरीके से सूची अपडेट से जुड़ पाए।

### 5. मैपिंग प्रतिशत से जिले का बेहतरीन प्रदर्शन

मृत,अनुपस्थित और शिफ्टेड श्रेणी को मिलाते हुए लक्ष्य आधारित कुल मतदाता मैपिग 98 प्रतिशत से अधिक पूरी हुई। मतदाताओं की मैपिग प्रतिशत ने ऑनलाइन कार्य को आसान बनाया। 14,10,621 मतदाताओं में से केवल 2 प्रतिशत से भी कम मतदाताओं का मैपिंग से वंचित रहना टीम चित्तौड़ की दक्षता को सिद्ध करता है। कर्मचारियों के हर प्रश्न का तुरंत समाधान, अतिरिक्त तकनीकी सहायता और पर्याप्त मानव संसाधन ने प्रशासन की कार्य गति को दोगुना किया।

दैनिक भास्कर बूंदी 06-12-2025

# 4396 अनुपस्थित, 16774 स्थानांतरित और 5967 मृत लोगों का विवरण जारी

## बूंदी विधानसभा में 26 हजार नामों पर कार्रवाई, राजनीतिक दलों की मीटिंग

भास्कर न्यूज | बूंदी



बूंदी. राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते एसडीएम।

अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) ने बूंदी विधानसभा क्षेत्र 186 के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

अधिकारियों ने बताया कि सभी बूथों पर मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र दिलवाए गए, जिनके आधार पर घर-घर सत्यापन का कार्य पूरा किया गया। बूंदी विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,26,352 मतदाताओं में से अब तक 4,396 अनुपस्थित, 16,774 स्थानांतरित, 5,967 मृत और 1,538 दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता पाए गए हैं। वहीं 114 परिगणना प्रपत्र अन्य कारणों से प्राप्त नहीं हुए। अप्राप्त प्रपत्रों की सूचियां बीएलओ द्वारा बीएलए को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिन मतदाताओं के प्रपत्र अबतक नहीं भरे गए हैं, वे 11 दिसंबर दोपहर 12 बजे तक अपने बीएलओ को प्रपत्र जमा कर सकते हैं, ताकि उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में बना रहे। प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर को प्रकाशित होगी। जिन पात्र मतदाताओं के नाम शामिल नहीं होंगे, वे प्रपत्र-6 और घोषणा पत्र सहित 15 जनवरी तक बीएलओ या ऑनलाइन आवेदन कर नाम जुड़वा सकेंगे।

# गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम : 14.20 लाख गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जालोर. मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है।

मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1420785 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया।

जिले के आहोर विधानसभा में 256832, जालोर विधानसभा में 282984, भीनमाल विधानसभा में 304107, सांचौर विधानसभा में 307820 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका हैं।

# जिले में अब तक 14,20, 785 प्रपत्र डिजिटलाइज

जालोर | जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गवांडे के निर्देशन में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजिटलाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पहले बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला अब तक जालोर जिले में 1420785 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1420785 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

भौंपू की आवाज

**जालोर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1420785 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 256832, जालोर विधानसभा में 282984, भीनमाल विधानसभा में 304107, सांचौर विधानसभा में 307820 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1420785 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

**मरु लहर न्यूज़**

**जालोर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर–2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1420785 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 256832, जालोर विधानसभा में 282984, भीनमाल विधानसभा में 304107, सांचौर विधानसभा में 307820 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

सु

सुर
के
एस
सें
बे
उप
सुर
एव
भत
दि
20

# जिले में अब तक 14 लाख 20 हजार गणना प्रपत्र डीजिटाइज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डीजिटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाने होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि अब तक जालोर जिले में 14 लाख 20 हजार 785 गणना प्रपत्रों को डीजिटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 56 हजार 832, जालोर विधानसभा क्षेत्र में 2लाख 82 हजार 984, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में 304107, सांचौर विधानसभा क्षेत्र में 3078 20 व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 269042 गणना प्रपत्रों को डीजिटाइज किया जा चुका है।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1420785 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

रानीवाड़ा से प्रवीण राठौड़ की रिपोर्ट।

**जालोर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1420785 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 256832, जालोर विधानसभा में 282984, भीनमाल विधानसभा में 304107, सांचौर विधानसभा में 307820 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जिले में अब तक 1420785 गणना प्रपत्र हुए डिजीटाइज

## मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं

मरूधर आईना

**जालोर (उजीर सिलावट)** । जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे के निर्देशन में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा रहा है। मतदाता भरे हुए परिगणना प्रपत्र 11 दिसम्बर से पूर्व बीएलओ के पास जमा करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में एसआईआर-2026 के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज भी किया जा रहा है। अब तक जालोर जिले में 1420785 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया गया। जिले के आहोर विधानसभा में 256832, जालोर विधानसभा में 282984, भीनमाल विधानसभा में 304107, सांचौर विधानसभा में 307820 व रानीवाड़ा विधानसभा में 269042 गणना प्रपत्रों को डिजीटाइज किया जा चुका है।

पत्रिका

# छात्रों को समझाया मतदाता फॉर्म भरने का तरीका



आभानेरी. सोडाला बासड़ा स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

**आभानेरी.** निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम के तहत उपखंड अधिकारी रामसिंह राजावत के निर्देशन में शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोडाला बासड़ा में स्वीप समन्वयक महेश बनापुरिया ने छात्रों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी शिक्षार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन फॉर्म नंबर 6 भरने की प्रक्रिया सिखाई गई और आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में पप्पू राम मीणा प्रधानाचार्य, गीता मेहरा व्याख्याता, सुलोचना मीना, अंजू कंवर, मोहनलाल महावर, शेर सिंह सोलंकी, जगदीश महावर, छोटेलाल सैनी, शारीरिक शिक्षक मुकेश मिश्रा एवं मानसिंह गुर्जर पंचायत सहायक आदि ने विचार व्यक्त किए।

दैनिक नवज्योति
Dausa - 06 Dec 2025 - Page 10

# एएसडी मतदाताओं के सत्यापन को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक



**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, सिकराय।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ द्वारा चिन्हित किए गए एएसडी मतदाताओं की जानकारी के सत्यापन को लेकर शुक्रवार को रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कार्यालय सिकराय में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. नवनीत कुमार ने की। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा विधानसभा क्षेत्र के गणना पत्र का ऑनलाइन डिजिटाइजेशन किया गया है। इस प्रक्रिया में जिन मतदाताओं को अनुपस्थित, अन्य स्थान पर शिफ्ट या मृत के रूप में चिन्हित किया गया है, उनकी सूची पर विस्तार से चर्चा की गई। रिटर्निंग अधिकारी ने भाजपा, कांग्रेस व बसपा के प्रतिनिधियों से अपील की कि सूची से नाम हटाने से पहले बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के माध्यम से इन एएसडी मतदाताओं का भौतिक सत्यापन अवश्य कराया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे, इसलिए राजनीतिक दल आपसी संवाद के साथ सत्यापित विवरण कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक में उपस्थित अधिकारियों तहसीलदार हेमेंद्र मीना, नायब तहसीलदार टीकाराम मधुकर, चुनाव शाखा प्रभारी मनोहर मीना ने भी मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए। बैठक के दौरान सभी दलों ने सहमति जताई कि एएसडी मतदाताओं की अंतिम सूची जारी होने से पूर्व व्यापक सत्यापन कार्य किया जाएगा, ताकि आगामी निर्वाचक नामावली पूर्णतया सटीक और अद्यतन रह सके।

दैनिक नवज्योति
Dausa - 06 Dec 2025 - Page 6

# राजनीतिक दलों को एसआईआर प्रगति की जानकारी दी

न्यूज सर्विस/ नवज्योति, दौसा। विभिन्न राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को उपखंड अधिकारी के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमे निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजू मीणा ने एसआईआर की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम दौसा संजू मीणा ने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नो मैपिंग एवं एएसडी की सूची उपलब्ध करवा दी गई है।

बीएलओ के द्वारा गणना प्रपत्रों के वितरण, संकलन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य राजनीतिक दलों के द्वारा नियुक्त बी एल ए के सहयोग के साथ पूर्ण किया है। बीएलओ के द्वारा परीगणना कार्य में नो मैपिंग एवं एएसडी की सूची की जानकारी अपने संबंधित बी एल ए को प्रदान करते हुए उनके साथ समीक्षा बैठक कर ली गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आवाहन किया गया है कि नो मैपिंग एवं एएसडी सूची के मतदाताओं के संपूर्ण जानकारी एवं दस्तावेज यदि उपलब्ध होती है तो संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करवाने का श्रम करें जिससे वास्तविक मतदाताओं के नाम जुड़ सके। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गजानंद मीणा तहसीलदार दौसा, हेमराज अवाना ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस, प्रहलाद बैरवा जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी, भूपेंद्र सिंह राजपूत शहर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पिंटू मीणा प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी, निरमल वर्मा जिला कोऑर्डिनेटर आप पार्टी, राम प्रसाद अध्यक्ष कुंडल ब्लॉक भारतीय जनता पार्टी, बाबूलाल सैनी ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, हीरालाल सैनी प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी, कमलेश कुमार मीणा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वीप कार्यक्रम इत्यादि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

दौसा भास्कर 06-12-2025

# परिगणना का कार्य शत-प्रतिशत पूरा, एसआईआर की प्रगति को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**दौसा|** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर-2026 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र दौसा में परिगणना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम दौसा संजू मीणा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर पूरी प्रगति से अवगत कराया।

एसडीएम मीणा ने बताया कि राजनीतिक दलों को नो मैपिंग एवं एएसडी मतदाताओं की सूची उपलब्ध करा दी गई है। बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण, संकलन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य राजनीतिक दलों के नियुक्त बीएलए के सहयोग से पूर्ण कर लिया गया है। बीएलओ द्वारा परी गणना के दौरान प्राप्त नो मैपिंग एवं एएसडी सूची की जानकारी संबंधित बीएलए को उपलब्ध कराते हुए उनके साथ समीक्षा बैठक भी कर ली गई है। एसडीएम ने राजनीतिक दलों से अपील की कि नो मैपिंग तथा एएसडी सूची में शामिल मतदाताओं की संपूर्ण जानकारी व दस्तावेज उपलब्ध होने पर उन्हें संबंधित बीएलओ को तुरंत उपलब्ध कराएं, ताकि वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकें। बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार दौसा गजानंद मीणा, कांग्रेस से हेमराज अवाना, बसपा से प्रहलाद बैरवा, भाजपा से भूपेंद्र सिंह राजपूत, पिंटू मीणा, राम प्रसाद, बाबूलाल सैनी, हीरालाल सैनी, आप पार्टी के जिला को-ऑर्डिनेटर निर्मल वर्मा तथा स्वीप कार्यक्रम के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर कमलेश कुमार मीणा आदि उपस्थित रहे।

# एस.आई.आर. के साथ साथ मैपिंग का कार्य भी लगभग 90 प्रतिशत हो चुका हैं पूर्ण

श्रीविजयनगर, 5 दिसम्बर (छाबड़ा) : स्थानीय तहसील क्षेत्र के जैतसर कस्बे में एस.आई.आर. का काम पूरा हो गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.आई.आर. में सूचीबद्ध अंतिम मतदाता का प्रपत्र प्राप्त कर शत-प्रतिशत लक्ष्य बी.एल.ओ. ने प्राप्त करने में प्रयासरत हैं। केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एस.आई.आर.) के अंतर्गत प्रपत्र वितरण और वांछित सूचनाओं के साथ प्रपत्र जमा करने का कार्य गुरुवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ग्राम पंचायत प्रशासक रविन्द्र बाघला ने बताया कि बूथ संख्या 72.73, 74 और 75 में कुल छह हजार दस मतदाता पंजीकृत थे, जिनकी जानकारी निधारित प्रपत्रों में समय पर दर्ज की गई। अब निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार प्राप्त प्रपत्रों की वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग की जाएगी।

कार्य पूरा होने पर श्रीविजयनगर उपखण्ड अधिकारी शकुंतला चौधरी एवं तहसीलदार राजवीर ने बी.एल.ओ. रोहितास यादव, चेतानप्रकाश, कांता, अशोक कुमार और एस.आई.आर. में सहायक के रूप में लगे अध्यापक अतुल कुमार, सरस्वती, पल्लवी शर्मा, मीनू छाबडा, पटवारी देवेन्द्र शर्मा और सतविन्द्र कौर को सम्मानित किया।

बी.एल.ओ. अशोक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में एस.आई.आर. के साथ-साथ मैपिंग का कार्य भी लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

पत्रिका



विशेष गहन पुनरीक्षण : पिता का निधन, सर्जरी या दुर्गम क्षेत्र...जज्बे के साथ किया काम

# बहाना नहीं बनाया, जिम्मेदारी से अपना फर्ज निभाया

एक्सक्लूसिव

वरुण भट्ट
patrika.com



डूंगरपुर. घर-घर जाकर एसआइआर का कार्य करते हुए।

**डूंगरपुर.** राज्य के विभिन्न हिस्सों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर इन दिनों जोरों पर काम चल रहा है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले ने समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की एक नई मिसाल पेश की है। कई बूथ लेवल अधिकारियों व सहायकों ने व्यक्तिगत संकट, स्वास्थ्य समस्याओं और आर्थिक खर्च की परवाह किए बिना अपने दायित्व को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि जनजाति बाहुल्य डूंगरपुर जिले में 99.01 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है। सागवाड़ा विधानसभा 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के साथ ही राज्य की 199 विधानसभाओं में 34वें स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है कि जिले में 1036 बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया। जिन्होंने 1103449 मतदाताओं में से 1003584 मतदाताओं के डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा कर दिया है।



सागवाड़ा. क्षेत्र में आवेदन वितरित करते संविदाकर्मी मुकेश।

### डूंगरपुर की यह स्थिति (3 दिसंबर तक)

| विधानसभा | बीएलओ | डिजिटाइजेशन कार्य प्रतिशत में |
|---|---|---|
| डूंगरपुर | 247 | 97.40 |
| आसपुर | 278 | 98.86 |
| सागवाड़ा | 267 | 100 |
| चौरासी | 244 | 99.77 |

### टीम वर्क से बेहतर परिणाम

कार्य को प्राथमिकता देकर बीएलओ ने नजीर पेश की है। हर कार्य टीम वर्क से करने पर उसके परिणाम बेहतर आते हैं। इस कार्य में भी बीएलओ स्तर से फॉर्म प्रिंटिंग, मतदाताओं के घर तक वितरण व कलेक्ट करने के बाद डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें मदद के लिए सहायक के तौर पर अतिरिक्त टीम लगाकर कार्य किया गया। इसके साथ ही मैपिंग का कार्य भी 98 प्रतिशत पूरा कर लेने से काफी मदद रही। शेष कार्य भी तय अवधि से पूर्व शीघ्र ही पूरे करने के प्रयास किए जा रहे हैं। - **अंकितकुमार सिंह,** जिला कलक्टर डूंगरपुर

### व्यक्तिगत चुनौतियों पर भारी पड़ा 'कर्तव्य'

जिले में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, बीएलओ ने निजी दुखों और शारीरिक कष्ट को परे रख निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

**■ केस 1: दुख की घड़ी में भी नहीं छोड़ा फर्ज**

**सोहनलाल खराड़ी (नवाघरा):** बीएलओ सोहनलाल खराड़ी के पिता की स्थिति गंभीर थी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिता के निधन के बावजूद, उन्होंने सामाजिक रीति-रिवाज निभाते हुए भी अपने कार्य में कोई ढील नहीं दी और अब तक 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण किया है। अखेपुर के जयंतीलाल बुनकर ने फिशर की सर्जरी के बावजूद अपनी ड्यूटी निभाई। उन्होंने न सिर्फ अपने स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए काम किया, बल्कि स्वयं के खर्च पर मतदाताओं के फोटो निकलवाए और सबसे पहले अपना कार्य पूर्ण करने वालों में शामिल रहे।

**■ केस 2: ऑपरेशन के बाद भी दुर्गम क्षेत्रों की मैपिंग**

**दिलीप पाटीदार (शिवराजपुर):** दिलीप पाटीदार ने रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन के बावजूद कार्य में शत-प्रतिशत योगदान दिया। उनके हिस्से में 1295 मतदाताओं की मैपिंग थी, जिनमें से अधिकांश दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों के थे। दिलीप ने न केवल 100 प्रतिशत कार्य पूरा किया, बल्कि 50 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य भी स्वयं के प्रयासों से पूर्ण किया।

**■ केस 3: पारिवारिक मिशन से सफलता**

संविदा कार्मिक वरियाणा के मुकेश कुमार रावल का अनुभव कम था, लेकिन उनका उत्साह कम नहीं था। उन्होंने 1011 मतदाताओं का कार्य समय तय सीमा तक पूरा किया। उन्होंने रंगीन फोटो का खर्च भी स्वयं वहन किया। ऑनलाइन प्रक्रिया में उनकी पत्नी (आशा सहयोगिनी), बेटे और बहू ने भी सहयोग किया। कार्य को पारिवारिक मिशन की तरह लिया।

# नोहर में एसआईआर-2026 का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा

**इबादत न्यूज/रमेश सोनी**

**नोहर, 5 दिसम्बर।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम आईएएस राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में नोहर क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 का संपूर्ण कार्य 100% लक्ष्य के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा होने पर सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों, सुपरवाइजरों, बीएलओ, सहायक बीएलओ तथा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को बधाइयां दी जा रही हैं। जिला प्रशासन ने भी एसडीएम राहुल श्रीवास्तव की कुशल कार्यप्रणाली, निगरानी और टीम वर्क की खुलकर सराहना की है। अधिकारियों का कहना है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में इस वर्ष पारदर्शिता, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रगति



**सीमा सन्देश # संगरिया।** विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी मतदाताओं का रिकॉर्ड शत-प्रतिशत डिजिटाइज हो गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंडाधिकारी जय कौशिक ने बताया कि मतदाताओं की मैपिंग तीन श्रेणियों में की जा रही है। पहली श्रेणी में वे मतदाता हैं जिनका नाम स्वयं की पिछली एसआईआर सूची में दर्ज है; इस वर्ग में लगभग 43% मैपिंग पूर्ण हो चुकी है। दूसरी श्रेणी में माता-पिता या अभिभावक के साथ मैप किए गए मतदाता शामिल हैं, जिनकी संख्या लगभग 51% है। तीसरी श्रेणी अनमैप्ड मतदाताओं की है, जिनका या जिनके अभिभावकों का नाम पिछली एसआईआर सूची में नहीं है। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने से पूर्व इस श्रेणी के साथ अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं का क्रॉस-वेरिफिकेशन किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। कौशिक ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं, जो फील्ड विजिट के दौरान इस प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे। साथ ही घुमंतू परिवारों से संपर्क कर पात्र मतदाताओं की पहचान के निर्देश भी दिए गए हैं।

सांध्य दैनिक **कवर स्टोरी**

RNI REG NO- RAJ/HIN/2013/ 52836
डाक पंजीयन-चित्तौड़गढ़/79/2022-24

### मतदाता मैपिंग में जिला राज्य के शीर्ष पांच जिलों में सम्मिलित

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम : चित्तौड़ में शत-प्रतिशत सफलता

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में गुरूवार को एसआईआर डिजिटलाईजेशन का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। जिले ने कुल मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक की मैपिंग पूरी कर राजस्थान के श्रेष्ठ जिलों में स्थान बनाया। इन मतदाताओं का अब काई दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं पडेगी।

कपासन विधानसभा ने सबसे पहले 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया, जबकि चित्तौड़गढ़ राज्य का एकमात्र जिला है जिसकी दो विधानसभाओं में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओ की मैपिग हुई है। भौगोलिक चुनौतियों के बीच प्रशासन की सतत निगरानी, फील्ड विजिट और टीमवर्क ने बड़ी भूमिका निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन के दिशा निर्देश में 5 ईआरओ, 24 एईआरओ, 152 सुपरवाईजर, 1501 बीएलओ के साथ ही कई स्वयंसेवक और संगठन इस कार्य में लगातार सक्रिय रहे। बीएलओ,सुपरवाइजरों के उत्कृष्ट कार्य को राज्यस्तर पर सम्मान मिला, वहीं राजनीतिक दलों और बीएलए की सक्रिय भागीदारी से पूरी प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी व भरोसेमंद बनी।






## 1. जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने व्यक्त किया आभार

जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने इस उपलब्धि पर कहा कि - यह उपलब्धि चित्तौड़ जिले के जागरूक मतदाताओं,बीएलओ टीम, सुपरवाइजर, ईआरओ-एईआरओ और पूरे प्रशासन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। चित्तौड़गढ़ ने एक बार फिर साबित किया है कि जब नागरिक और प्रशासन साथ हों तो कोई लक्ष्य कठिन नहीं। सबने मिलकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था और प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

## 2. समर्पित प्रयास और बेहतर प्रशिक्षण से मजबूत नींव

उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग और स्पष्ट कार्ययोजना से शुरुआत से ही कार्य में गति बनी रही। फील्ड टीम तक दिशा-निर्देश सीधे पहुँचने से समन्वय मजबूत हुआ। लक्ष्य केंद्रित टीम भावना ने कार्य को सहज कर दिया। घर-घर सत्यापन, निरंतर डाटा अपडेट और समयबद्ध एंट्री को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरो की प्रतिबद्धता ही सफलता की मुख्य रीढ़ बनी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों के सम्मान करने की परम्परा से कार्मिकों में उत्साह का वातावरण बना।

## 3. तकनीकी साधनों का प्रभावी उपयोग, मतदाताओं को त्वरित सुविधा

मोबाइल एप्स, ऑनलाइन सत्यापन और डिजिटल सुविधाओं के चलते प्रक्रिया तेज व पारदर्शी बनी। आयोग द्वारा सुझाए गए सभी नवाचारों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। ईआरओ-एईआरओ की फील्ड पर निरंतर उपस्थिति, मौके पर मार्गदर्शन और समस्याओं के तत्काल निवारण ने काम को गति दी और त्रुटियाँ न्यूनतम रहीं। नागरिकों ने मतदाता सूची अद्यतन में भरपूर सहयोग दिया। जागरूकता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक भावना की यह मिसाल ही चित्तौड़गढ़ की सफलता की सबसे बड़ी ताकत रही।

## 4. शहरी क्षेत्र की विशेष रणनीति हेल्प डेस्क और युवा शक्ति

कॉलेज-कैंपस हेल्प डेस्क, शहरी वार्ड और पंचायत स्तर पर शिविर और युवाओं की भागीदारी ने शहरी क्षेत्रों की चुनौतियां को भी अवसर मे बदल दिया। जिले में औद्योगिक ईकाईओं की अधिकता से श्रमिकों और कार्मिकां के पलायन की समस्या को देखते हुए प्रबंधन और श्रमिकों से सीधा संवाद और ऑनलाइन सर्च सुविधा का उपयोग बढ़ाया गया। इससे हजारों श्रमिक पहली बार व्यवस्थित तरीके से सूची अपडेट से जुड़ पाए।

## 5. मैपिंग प्रतिशत से जिले का बेहतरीन प्रदर्शन

मृत,अनुपस्थित और शिफ्टेड श्रेणी को मिलाते हुए लक्ष्य आधारित कुल मतदाता मैपिग 98 प्रतिशत से अधिक पूरी हुई। मतदाताओं की मैपिग प्रतिशत ने ऑनलाइन कार्य को आसान बनाया। 14,10,621 मतदाताओं में से केवल 2 प्रतिशत से भी कम मतदाताओं का मैपिंग से वंचित रहना टीम चित्तौड़ की दक्षता को सिद्ध करता है। कर्मचारियों के हर प्रश्न का तुरंत समाधान, अतिरिक्त तकनीकी सहायता और पर्याप्त मानव संसाधन ने प्रशासन की कार्य गति को दोगुना किया।

**भास्कर एनालिसिस** जिले में 4 विधानसभाएं, 12.03 लाख वोटर, 1416 बीएलओ ने दिन में गणना प्रपत्र बांटे व रात को ऑनलाइन किए, 98.57% की मैपिंग पूरी

# एसआईआर में बाड़मेर प्रदेश में प्रथम, अब वंचित 15 हजार वोटर्स को नोटिस देंगे

बाड़मेर | मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में बाड़मेर प्रदेश में टॉपर रहा है। 4 नवम्बर से प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का संग्रहण, सत्यापन व ऑनलाइन करने का कार्य किया।

बाड़मेर के 1416 बीएलओ ने दिन में गणना प्रपत्र बांटे और रात को ऑनलाइन मैपिंग कर महज एक माह में कार्य पूरा कर लिया। शिव, बाड़मेर, गुड़ामालानी व चौहटन विधानसभा के कुल 1203171 वोटर है, इनमें 98.57% मैपिंग पूरी कर ली गई है। प्रदेश में 19 हजार बूथ ऐसे हैं, जहां 100 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। हालांकि चुनाव आयोग ने अब 11 दिसंबर तक पुनरीक्षण की तिथि बढ़ा दी है।

## चार विधानसभाओं के 49325 वोटर्स के नाम सूची से हटाए, 13956 की जानकारी ही नहीं मिली

**बाड़मेर विधानसभा:** बाड़मेर में 308 बूथ है। कुल 275982 वोटर है। बीएलओ ने 251002 वोटर को वेरिफाई यानि मैपिंग कर दिया है। इनमें 2996 वोटर के नाम डेथ होने से कटेंगे। वहीं 3183 वोटर अनुपस्थित मिले। इनके अलावा 9999 वोटर ने अपना नाम स्थाई रूप से दूसरी जगह ट्रांसफर करवा दिया है। 1419 वोटर ने पहले ही नामांकन कर दिया। ऐसे में कुल 17963 लोगों के नाम कटेंगे। इनके अलावा 6062 लोग ऐसे हैं, जिनका डेटा बीएलओ को नहीं मिला है। अब इन्हें नोटिस जारी कर डेटा मांगा जाएगा। अगर वेरिफाई नहीं हुए तो इनके भी नाम काटे जाएंगे।

**शिव विधानसभा:** शिव में 406 बूथ है, इसमें वर्तमान में 317786 वोटर है। इनमें 291075 वोटर को बीएलओ की ओर से वेरिफाई कर दिया है यानि इनकी मैपिंग हो चुकी है। इनके अलावा 2665 लोगों की डेथ होने के बाद भी लिस्ट में नाम थे, अब उन्हें हटाया गया है। इनके अलावा 1426 लोग अनुपस्थित हैं। 6609 लोग दूसरी जगह स्थाई रूप से शिफ्ट हो चुके हैं। वहीं 913 ने पहले से ही नामांकन कर दिया था। ऐसे में 11652 लोगों के नाम काटे जाएंगे। वहीं 2714 वोटर ऐसे हैं, जिनका संपर्क बीएलओ से नहीं हो रहा है। इन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे।

**गुड़ामालानी विधानसभा:** गुड़ामालानी में 354 बूथ और 283656 वोटर है। इनमें 265744 वोटर को वेरिफाई कर दिया है। जबकि 2201 वोटर की डेथ हो गई है, 477 वोटर मिले ही नहीं। वहीं 4559 वोटर ने अपना नाम शिफ्ट कर दिया। कुल 8075 वोटरों का डेटा नहीं मिल रहा है। इनके अलावा 1960 वोटर ऐसे है, जो मैप ही नहीं हुए है। इन्हें नोटिस देंगे।

**चौहटन विधानसभा:** चौहटन में 325747 वोटर है। इसमें 298024 वोटर की मैपिंग हो गई हैं। जबकि 11635 वोटर का कटने की संभावना है। इसमें 2689 वोटर जिनकी डेथ हो चुकी है। वहीं 6846 वोटर ऐसे हैं, जो अनुपस्थित रहे है। इसके अलावा 6846 वोटर ने नाम शिफ्ट करवा दिया। 988 वोटर पहले से ही नामांकन कर चुके है यानि ये डबल है।

बाड़मेर में कुल वोटर: **123171**
मैपिंग : **1153855**, मृतक: **10551**
अनुपस्थित : **6150**, नाम शिफ्ट : **28013**
डबल नाम: **4126**, अन्य: **485**



*बाड़मेर मतदाता पुनरीक्षण में प्रदेश में टॉप रहा है। हमारे बीएलओ की मेहनत से करीब 98 प्रतिशत मैपिंग कर ली है। आयोग ने 11 दिसंबर तक तारीख बढ़ा दी है। जो मतदाता अनुपस्थित या नहीं मिल रहे हैं, उन्हें ढूंढने के लिए बीएलओ की टीमें लगी हुई है। बेहतर काम करने वाले बीएलओ को हमने सम्मानित भी किया है। -टीना डाबी, कलेक्टर, बाड़मेर।*

दैनिक भास्कर डीडवाना कुचामन भास्कर 06-12-2025

# जिले में 98.32 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग, डिजीटाइजेशन कार्य शत-प्रतिशत

## 1.68 प्रतिशत शेष मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया जारी

भास्कर न्यूज। डीडवाना

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर–2026) कार्यक्रम में जिले ने शत प्रतिशत डिजीटाइजेशन पूर्ण कर लिया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ महेंद्र खड़गावत ने बताया कि जिले की यह उपलब्धि सतत प्रयास, आपसी समन्वय व तकनीकी सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि जिले में 12 लाख से अधिक प्रपत्रों को सफलतापूर्वक ईसीआई नेट पर अपलोड कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 98.32 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण कर ली गई है,1.68 प्रतिशत शेष मतदाताओं की मैपिंग भी आगामी दिनों में पूर्ण कर ली जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में 6.38 % मतदाता (एएसडी एबसेंट, शिफ्टेड, डेथ) केटेगरी में दर्ज किये गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ खड़गावत ने बताया कि जिले के 1229 मतदान केंद्रों पर कार्यरत बीएलओ ने 100% फील्ड कार्य पूरा करते हुए घर–घर पहुंच सुनिश्चित की। उनके सतत प्रयासों ने ही इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को संभव बनाया है। बीएलओ की मेहनत इस सफलता की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि उस सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है जिसके माध्यम से मतदाता सूची को और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी, व्यवस्थित एवं मतदाता–केंद्रित बनाया जा रहा है।

# एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पीईईओ सम्मानित

सिवाना | ग्राम पंचायत मोतीसरा के राउप्रावि में पदस्थ पीईईओ रामलाल पंवार को एसआईआर कार्य को सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न करवाने पर एसडीएम सिवाना की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्वाचन विभाग की ओर से निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाता सूची अद्यतन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, आवश्यक संशोधन तथा शुद्धिकरण कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने में पीईईओ रामलाल पंवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीईईओ रामलाल पंवार की ओर से किए गए उत्कृष्ट प्रयास अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणादायी हैं। रामलाल पंवार ने बताया कि यह उपलब्धि उनकी टीम व विभागीय सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभाते रहेंगे।

**दैनिक भास्कर 06-12-2025**

# एसआईआर और एएसडी को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई



सुजानगढ़ | उपखंड कार्यालय में शुक्रवार को एसआईआर को लेकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सुजानगढ़ के राजनैतिक दलों की बैठक हुई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत एएसडी मतदाताओं के संबंध में चर्चा कर समस्त मतदान केंद्रों के एएसडी मतदाताओं की सूची दी गई। राजनैतिक दलों को बताया कि एएसडी के कारण अगर किसी भी मतदाता का नाम गलत कट रहा है तो संबंधित मतदाताओं से बीएलए-2 के माध्यम से संपर्क कर बीएलओ से एएसडी में 11 दिसंबर तक संशोधन करवाए। बैठक में रेखाराम मेहरड़ा, राजेंद्र भंवरिया, तेजपाल गोदारा, प्रदीप तोदी, बजरंगलाल सैन, ओंकाराराम, रामकुमार मेघवाल, विनय माटोलिया व प्रियांशु लढ्ढा आदि उपस्थित रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की



तारानगर | पंचायत समिति सभागार मे राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम राजेंद्र कुमार ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण के तहत जानकारी दी। एसडीएम राजेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले की विधानसभा क्षेत्र (20) तारानगर में गणना प्रपत्रों का संग्रहण व डिजिटलाइजेशन किया जाकर शत प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। 2002 की मतदाता सूची से 98.79 मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी। पंस के प्रधान संजय कस्वां, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, तहसीलदार हनुमान सिंह, साबिर हुसैन, संपत सिंह, चुन्नीलाल, महावीर सिंह, विकास कुमार, भंवरलाल स्वामी, मानकचंद सैनी आदि थे।

**राजस्थान पत्रिका 06-12-2025**

# बूथ अधिकारियों ने किया विचार विमर्श



**सांखू फोर्ट @ पत्रिका.** निर्वाचन विभाग की ओर से जारी मतदाता सत्यापन गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सादुलपुर विधानसभा के बूथ जसवंतपुरा में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बूथ लेबल अधिकारियों ने विचार विमर्श किया। बैठक में बूथ लेवल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जसवंतपुरा के भाग संख्या 226 में मृत, दोहरी प्रविष्टि व स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के 47 मतदाताओं व भाग संख्या 227 में 95 मतदाताओं से संपर्क के बाद सत्यापन नहीं करवाया गया।

